नाम .............                    अनुक्रमांक .............

**A/15,000**

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2026

# जीव विज्ञान

## कक्षा-11

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **[ पूर्णांक : 70 ]**

---

**निर्देश—(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।**

**(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**(iii) आवश्यकतानुसार अपने उत्तर की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों के द्वारा कीजिए।**

**(iv) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

**1. सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए—**

**(क) वर्गीकरण का प्रथम पद है—**

(i) नामकरण  (iii) वर्णन

(ii) पहचान  (iv) वर्गीकरण

**(ख) पुष्पक्रम का अक्ष कहलाता है—**

(i) पुष्पासन  (iii) पुष्प वृन्त

(ii) पुष्प बलि वृन्त  (iv) पर्ण वृन्त

**(ग) सबसे लम्बी पादप कोशिका है—**

(i) रेशे  (iii) वाहिनिका

(ii) वाहिनी  (iv) अधोवाही

**(घ) किरैटिन पाया जाता है—**

UPBoardHub

(i) मस्तिष्क (iii) अस्थि एवं दाँत

(ii) रुधिर (iv) बाल तथा त्वचा

**2. (क) वंश से बड़ी व छोटी एक–एक श्रेणी का नाम लिखिए।**

**(ख) किसी एक कीटभक्षी पौधे का नाम बताइए।**

**(ग) ऊतक के दो प्रकारों के नाम लिखिए।**

**(घ) न्यूक्लिक अम्ल के कितने प्रकार होते हैं ?**

**(ङ) कीट में कितनी जोड़ी पाद होते हैं ?**

**3. (क) जूप्लैंक्टन किसे कहते हैं ?**

**(ख) विरलदारुक काष्ठ किसे कहते हैं ?**

**(ग) दो पादविहीन उभयचरों के नाम लिखिए।**

**(घ) पुष्पक्रम को परिभाषित कीजिए।**

**(ङ) टमाटर पकने पर लाल क्यों हो जाता है ?**

**4. (क) संतृप्त तथा असंतृप्त वसा अम्लों में अन्तर लिखिए।**

**(ख) न्यूक्लियोसोम पर टिप्पणी लिखिए।**

**(ग) लसीका के कार्य लिखिए।**

**(घ) हाइपैन्थोडियम पुष्पक्रम पर टिप्पणी लिखिए।**

**5. (क) स्तनी और सरीसृप में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3**

**(ख) नाल तन्त्र पर टिप्पणी लिखिए। 3**

**(ग) लिवरवर्ट तथा मॉस में अन्तर लिखिए। 3**

**(घ) बैक्टीरिया तथा सायनो बैक्टीरिया में अन्तर लिखिए। 3**

**6. (क) कण्डरा तथा स्नायु में अन्तर लिखिए। 3**

**(ख) जीन की संरचना तथा कार्य पर टिप्पणी लिखिए। 3**

**(ग) एंजाइम के महत्व पर टिप्पणी लिखिए। 3**

**(घ) सिस्टोलिथ पर टिप्पणी लिखिए। 3**

UPBoardHub

7. गुणसूत्र की आकृति तथा इसके कार्यों का उल्लेख कीजिए। 5

अथवा

वाइरस तथा जीवाणु में अन्तर लिखिए।

8. कार्बोहाइड्रेट क्या है ? कार्बोहाइड्रेट के प्रमुख संवर्गों का उल्लेख कीजिए। सबसे सरल कार्बोहाइड्रेट का रासायनिक सूत्र लिखिए। जन्तु शरीर में कार्बोहाइड्रेट की क्या भूमिका है ? 5

अथवा

पुष्पक्रम की परिभाषा लिखिए। पुष्पी पादपों में विभिन्न प्रकार के असीमाक्षी पुष्पक्रमों का वर्णन कीजिए।

9. एकबीजपत्री मूल की आन्तरिक रचना का सचित्र वर्णन कीजिए। 5

अथवा

माइटोकाण्ड्रिया की संरचना तथा कार्यों का वर्णन कीजिए।